एम बी एस इंटरनैशनल स्कूल

सेक्टर-11 , द्वारका

सत्र-2019-20

अभ्यास प्रश्न-पत्र

हिंदी

कक्षा - सातवीं

समय : 1½ घंटे **पूर्णांक: 40**

सामान्य निर्देश-

- सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- लेख सुंदर व साफ़ लिखें |
- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दिए गए हैं |

खंड- क (अपठित बोध-9)

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बेरोज़गारी अथवा बेकारी का अर्थ है- काम करने वाले व्यक्ति को काम का न मिलना। भारत में 60 प्रतिशत से भी अधिक जनता गाँव में रहती है।अंग्रेज़ी शासन से पूर्व गाँव के उद्योगों की स्थिति अच्छी थी। मशीनी युग आ जाने के कारण गाँव के कुटीर उद्योगों की हालत खराब हो गई, इस कारण देश के असंख्य लोग बेरोज़गार हो गए।इस बेकारी और बेरोज़गारी की सबसे बड़ी वजह है –'जनसंख्या वृद्धि'।

सरकार ने कितने ही रोज़गार के अवसर पैदा किए हैं, परंतु इसके बावजूद भी बेरोजगारी की समस्या ज्यों की त्यों है।देश की बेकारी की समस्या को दूर करने के लिए कृषि का विकास करना होगा।उसके लिए किसानों को आधुनिक बीज, खाद तथा कृषि यंत्रों का प्रबंध और सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार करना होगा।सबसे अच्छी बात यह है कि इस दिशा में सरकार ने अनेक कार्य किए हैं और वह कामयाब भी हुई है।देश की बेकारी की समस्या को दूर करने के लिए शिक्षा में कुछ परिवर्तन करने होंगे।हमें शिक्षा को ऐसा बनाना चाहिए कि उससे व्यवसाय मिल सके।इससे शिक्षा प्राप्ति के पश्चात लोग बेकार नहीं घूमेंगे।उनके पास एक नौकरी का या व्यवसाय का निश्चित स्थान होगा।

क बेरोज़गारी किसे कहते हैं ? 2

ख कुटीर उद्योगों के नाश का क्या परिणाम निकला ? 2

ग शिक्षा किस प्रकार बेकारी को दूर कर सकती है ? 2

घ नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए। 2

i अनिश्चित ii शहर

ङ गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण -14)

2. नीचे दिए गए शब्दों के मानक रुप लिखिए। 2

क डण्डा- ख रूपये-

3. नीचे दिए गए संबंधबोधक शब्दों से वाक्य बनाइए। 2

क के पीछे ख के बाद

4. नीचे दिए गए अनेकार्थक शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए। 2

क अंक - ख अंबर -

5. नीचे दिए गए समरुपी भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए। 2

क आराति , आरती -

6. नीचे दिए शब्दों में प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए। 2

क झगड़ा- _______ ख कृपा- _______

7. नीचे दिए गए पदों का समास और उसके भेद लिखिए। 4

	समस्तपद	भेद
क राजा का कुमार-	_______	_______
ख शक्ति के अनुसार -	_______	_______

खंड- ग (पाठ्यपुस्तक-12)

8. सही उत्तर पर ✓ का चिह्न लगाइए। 3

क कौन उन्मुक्त रहकर नदी व तालाबों का पानी पीना चाहते हैं ?

☐ खरगोश ☐ शेर ☐ पक्षी

ख नदियों को 'लोकमाता' किसने कहा है?

☐ काका कालेलकर ☐ शाशा ☐ लोकपिता

ग 'मीराबाई' द्वारा रचित कविता कौन-सी है?

☐ विप्लव गायन ☐ भोर और बरखा ☐ हम पंछी उन्मुक्त गगन के

9. सप्रसंग व्याख्या लिखिए। 5

बरसे बदरिया सावन की।
सावन की,मन -भावन की।।
सावन में उमग्यो मेरो मनवा,भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़-घुमड़ चहुँदिस से आया,दामिन दमकै झर लावन की।।

10. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क गांधारी ने श्रीकृष्ण को क्या शाप दिया? 2

ख अश्वथामा निर्वल और निस्तेज कैसे हो गया ? 2

खंड- घ (लेखन-5)

11. नीचे दिए गए विषय पर पत्र लिखिए। 5

किसी कारणवश विद्यालय की खिड़की का शीशा टूट गया है।क्षमा याचना करते हुए प्रधानाचार्य जी को आवेदन-पत्र लिखिए।